बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अन्तर्गत अभियंत्रण महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रतियोगिता परीक्षा (वि.सं. 18–23/2014)

उक्त परीक्षा दिनांक 28.11.2015 एवं 29.11.2015 को पटना अवस्थित 02 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी थी, जिसमें उपर्युक्त सभी 06 विज्ञापनों से सम्बन्धित विषयों के प्रश्न वस्तुनिष्ठ थे। उक्त विषयों की प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला **'A'**, **'B'**, **'C'** एवं **'D'** के आदर्श उत्तर दिनांक 08.01.2016 से आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित (appeared) उम्मीदवारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिन उम्मीदवारों को किसी भी विज्ञापन के अन्तर्गत किसी भी विषय के किसी भी प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला के किसी भी प्रश्न के प्राश्निक द्वारा दिये गये उत्तर पर किसी भी तरह की आपत्ति हो, तो वे इस सम्बन्ध में प्रामाणिक स्रोत/साक्ष्य के साथ अपनी आपत्ति/सुझाव नीचे दिये गये आपत्ति प्रपत्र में विज्ञापन संख्या, नाम, अनुक्रमांक एवं पता के साथ संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001 को स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेजेंगे कि वह दिनांक 18.01.2016 की संध्या 5.00 बजे तक बिहार लोक सेवा आयोग में प्राप्त हो जाए। **लिफाफा पर परीक्षा का नाम एवं विज्ञापन संख्या अवश्य लिखें।** उक्त तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आपत्ति एवं सुझाव पर विचार नहीं किया जायगा।

आप सभी से प्राप्त आपत्ति की गहन समीक्षा विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा की जायेगी और गहन समीक्षोपरान्त पुनः सभी प्रश्नों का अन्तिम आदर्श उत्तर उक्त समिति द्वारा तैयार किया जायेगा। विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा तैयार किये गये उस अन्तिम आदर्श उत्तर के आधार पर ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) का मूल्यांकन किया जायेगा।

आपत्ति प्रपत्र

सहायक प्राध्यापक लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा, विज्ञापन संख्या ..../2014

अनुक्रमांक .... नाम .... विषय .... प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला ....

क्र.सं.	प्रश्न संख्या	प्राश्निक का उत्तर	उम्मीदवार द्वारा सुझाया गया उत्तर	आपत्ति का आधार/स्रोत/साक्ष्य

उम्मीदवार का नाम एवं हस्ताक्षर (तिथि सहित)
उम्मीदवार का दूरभाष/मोबाइल सं.–

6/1/2016

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना